राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा/2024/576 दिनांक: 2.3.24

मुख्य परीक्षा 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी संशोधित विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय विज्ञप्ति क्रमांकः परीक्षा/2024/800 दिनांक 12.02.2024 की निरन्तरता में राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023–24 के नियमित/पूर्व विद्यार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म वेबसाईट www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु संशोधित कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	दोगुना (Double) परीक्षा शुल्क के साथ
1	बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के स्वयंपाठी परीक्षार्थी	05.03.2024 से 06.03.2024
2	बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम पार्ट–। (पूर्व छात्र) ।। एवं ।।। (पास/ऑनर्स/एडीशनल) व स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति) पूर्वार्द्ध /उत्तरार्द्ध (समस्त नियमित, पूर्व छात्र व स्वयंपाठी परीक्षार्थी)	
3	बी.एस.सी. (होम साईंस, बायोटेक), बी.सी.ए., बी.बी.ए. (वार्षिक पद्धति), बी.पी.ए. /विज्यूअल आर्टस्/बी.म्यूजिक/बी.डिजाईन, बी.ए. (डीफ एण्ड डम्ब) पार्ट–। (पूर्व छात्र) ।। एवं ।।। (समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र)	
4	समस्त एकवर्षीय सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, एड–ऑन कोर्सेज, मॉडर्न यूरोपियन लेंग्वेजेज (सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा), (समस्त नियमित परीक्षार्थी)	
5	बी.एड./बी.एस.सी. बी.एड./बी.ए.बी.एड/एल.एल.बी. एवं समस्त विधि डिप्लोमा (समस्त नियमित परीक्षार्थी)	

नोट:–

1. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार ना करें।
2. परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।

सामान्य निर्देश

1. **नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा में पात्रता हेतु न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।**
2. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID दर्ज करें।
3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट www.uniraj.ac.in and www.univraj.org पर उपलब्ध हैं। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ट "अ" देखें। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय हैण्डबुक के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।
4. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात् पुनः (दुबारा) भुगतान, 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify करने पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में ही किया जावे। **विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।** भरे गये परीक्षा फॉर्मो में आवश्यक संशोधनों के लिए संशोधन शुल्क रू. 260/– ऑनलाईन जमा कराने पर पोर्टल के माध्यम से किये जा सकेगें।
5. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में, संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र को स्वीकार नहीं होगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।
6. **इस विज्ञप्ति से पूर्व में ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र एवं इस विज्ञप्ति के दौरान भरे गये ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म को महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन सत्यापित कर सूची के साथ विश्वविद्यालय को दिनांक 08 मार्च, 2024 तक प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। उसके पश्चात् परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी रू. 500/– विलम्ब शुल्क के साथ जमा होगी।**
7. स्नातक (कला/विज्ञान)/स्नातकोत्तर परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
8. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 7726953531 अथवा टोल फ्री नम्बर 18001806433 एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

02.03.24

परीक्षा नियंत्रक

2/3/24